पंजाब केसरी 2/8/2026

ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल-2026

# हरियाणा की छोरियों का पंच, भारत को एक दिन में 8 गोल्ड

## बॉक्सिंग में भारत के लिए 'शुभ शनि'

### *प्रीति, जैस्मीन, साक्षी, प्रिया, अरुंधति महिला वर्ग में और सचिन-अंकुश पुरुष वर्ग में चैम्पियन*

ग्लासगो, 1 अगस्त (एजैंसी): ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल-2026 के महिला वर्ग में शनिवार को मुक्केबाज प्रीति पवार, जैस्मीन लैंबोरिया, साक्षी चौधरी, प्रिया घनघस और अरुंधति चौधरी ने, जबकि पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच और अंकुश पंघाल ने स्वर्ण पदक जीते। बॉक्सिंग में एक बार फिर हरियाणा की छोरियों ने अपना दमखम जारी रखा। वहीं, पैरा शॉट पुटर सोमन राणा के स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने का सिलसिला जारी रखा।

महिलाओं के वर्ग में प्रीति (54 किलो), मौजूदा विश्व चैम्पियन लैंबोरिया (57 किलो), साक्षी चौधरी (51 किलो), प्रिया (60 किलो) और अरुंधति (70 किलो) ने जीत हासिल की, जबकि पुरुषों के वर्ग में सचिन (60 किलो) और अंकुश (80 किलो) ने अपने-अपने फाइनल में प्रतिद्वंद्वियों को पूरी तरह से हरा दिया। इस बीच, एथलैटिक्स में, राणा ने पुरुषों के एफ57 पैरा शॉट पुट में 13.40 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता।

*(खेल पृष्ठ पर विस्तृत समाचार)*



उत्तरी आयरलैंड की मिकेला वॉल्श को पंच जड़ती मुक्केबाज जैस्मीन लैंबोरिया (नीली वर्दी में)।



स्वर्ण पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज जैस्मीन, प्रीति साक्षी, प्रिया, अरुंधति, सचिन और अंकुश।

## बेटियों की उपलब्धि से प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी : सैनी



चंडीगढ़ (पांडेय): मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इन बेटियों ने अदम्य साहस, कड़ी मेहनत व अनुशासन के बल पर पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि से हरियाणा के लाखों युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी।

## बेटी ने वायदा पूरा कर दिखाया: सोमबीर सिंह

**प्रीति** के पिता सोमबीर ने कहा कि स्कॉटलैंड रवाना होने से पहले उसने कहा था कि चाहे कुछ भी हो जाए, वह देश के लिए मैडल जरूर जीतकर आएगी। उसने वायदा पूरा कर दिखाया। मां शलीन ने कहा कि बेटी के घर आने पर चूरमा और खीर खिलाएंगी।

## पहले से ही गोल्ड जीतने की उम्मीद थी : जयवीर

**जैस्मिन** के गोल्ड मैडल जीतने के बाद उनके पिता जयवीर सिंह ने कहा कि हम बहुत खुश हैं, बेटी ने देश के लिए गोल्ड मैडल जीता है। पहले से ही जैस्मिन के जीतने की उम्मीद थी। मैच के बीच में थोड़ा नर्वसनैस जरूर थी। अब भिवानी आने पर बेटी का स्वागत करेंगे। जैस्मिन लंबोरिया के पिता जयवीर लंबोरिया होमगार्ड हैं और मां जोगिंद्र कौर गृहिणी हैं।

जयवीर लंबोरिया के 4 बच्चे हैं। 3 बड़ी बेटियां और एक छोटा बेटा। जैस्मिन घर की पहली लड़की हैं जो बॉक्सिंग कर रही हैं। जैस्मिन फिलहाल फिजिकल एजुकेशन में पी.जी. डिप्लोमा भी कर रही हैं। साल 2021 में जैस्मिन ने खेल कोटे से आर्मी में नौकरी पाई थी।

पंजाब केसरी 2/8/2026

कॉमनवैल्थ गेम्स-2026 (10वां दिन): प्रीति पवार, जैस्मीन लैंबोरिया, साक्षी चौधरी, प्रिया घनघस और अरुंधति चौधरी ने जीते स्वर्ण

# बॉक्सिंग में भारतीय बेटियों का गोल्डन पंच

## ओलिम्पिक पदक विजेता लवलीना को रजत पदक से करना पड़ा संतोष

ग्लास्गो, 1 अगस्त (एजेंसी) : भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में शनिवार को 5वां स्वर्ण पदक जीता लेकिन ओलिम्पिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। लवलीना को महिलाओं के 70 किलोवर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एम्मा सू ग्रीनट्री ने खंडित फैसले में 4-1 से हराया।

इससे पहले भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लैंबोरिया, प्रीति पवार, साक्षी चौधरी, अरूंधति चौधरी और प्रिया घनघस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वजन वर्गों में स्वर्ण पदक जीते जबकि पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में जादूमणि सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अरूंधति ने इंगलैंड की शेंटिले रीड को महिलाओं के 70 किलोवर्ग के फाइनल में 5-0 से हराया। प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में कनाडा की स्कारलेट डेलगाडो को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

इसके बाद मौजूदा विश्व चैंपियन जैसमीन ने भी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उत्तरी आयरलैंड की गत चैंपियन माइकेला वॉल्श को 5-0 के समान अंतर से मात देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। साक्षी ने फिर महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में इंगलैंड की रूबी वाइट को 5-0 से हराकर दिन में भारत को मुक्केबाजी का तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। प्रिया को महिलाओं के 60 किग्रा में कनाडा की मैरी बाथोल अल अहमदिएह से कड़ी चुनौती मिली लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने 4-1 के विभाजित फैसले से पहला स्थान हासिल किया।

इससे पहले भारत के दिन के तीसरे मुकाबले में जादूमणि सिंह को ऑस्ट्रेलिया के जाई डिक्सन के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 0-5 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक मिला। लंबे कद के ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरुआत में संघर्ष करने के बाद जादूमणि ने शानदार वापसी करते हुए पहला राउंड 3-2 से अपने नाम किया। डिक्सन ने हालांकि दूसरे राउंड में जोरदार वापसी की और सभी जज के सर्वसम्मत फैसले से 5-0 से जीत दर्ज की।



स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाज जैस्मीन लैंबोरिया।

THE HINDU 2/8/2026

**MISSION ACCOMPLISHED**

## Jaismine delighted to win gold after the bronze in last edition



PTI

The coaches supported me and told me to take it slow, get fit and not worry about the result. I had come with the aim of changing the colour of my medal (lightweight bronze at the 2022 edition) and winning gold for India — Jaismine Lamboria who clinched gold in women's 57kg boxing at the Commonwealth Games.

The Economic Times 2/8/2026



# PREETI & JAISMINE PACK A GOLDEN PUNCH



## Jadumani's run ends with silver as boxers shine at the Commonwealth Games

Indian boxers Jaismine Lamboria and Preeti Pawar won gold medals in their respective categories while Jadumani Singh settled for a silver at the Commonwealth Games (CWG) on Saturday.

Preeti claimed the gold with a dominant 5-0 victory over Canada's Scarlett Delgado in the women's 54kg before reigning world champion Jaismine clinched the yellow metal with the same scoreline against Northern Ireland's Michaela Walsh, who was the defending champion in the women's 57kg.

In the day's third bout featuring an Indian pugilist, Jadumani Singh lost a hard-fought contest 0-5 against Australia's Jye Dixon.

After a bit of struggle against his taller opponent from Down Under, Jadumani rallied to win the first round 3-2.

However, Dixon then showed his wares and fought back brilliantly to take the second round by an 5-0 unanimous verdict. The Aussie used the momentum to edge out his opponent and end India's golden run in the boxing ring.

Jadumani had stormed into the men's 55kg final after pulling off a 5-0 unanimous decision victory against Philip Haoseb of Namibia on Friday.

In the women's section, Jaismine took the first round by a split verdict after a close contest with both boxers challenging each other.

However, Jaismine won the second round by a unanimous verdict, having landed some hard blows on her opponents.

Earlier, Preeti made a commanding start to her gold-medal bout, winning the opening round unanimously with all five judges adjudicating 10-8 in the Indian's favour.

The World No 3 in the bantamweight division started the second round on a positive note and continued in the same vein to emerge winner for India's first gold medal of the day. PTI

commonwealth games GLASGOW 2026

LIVE on Sony Ten & SonyLIV, 1pm onwards

## 2-3 FOR TRIPLE JUMPERS CHITRAVEL & PRABHU



**Glasgow:** Indian triple jumpers Praveen Chitravel and **Selva Prabhu Thirumaran (in pic)** bagged silver and bronze medal respectively in Glasgow Commonwealth Games here on Saturday.

Asian Games bronze medallist Chitravel bettered the effort in Glasgow with a silver, which he fetched covering a distance of 16.58m.

Compatriot Selva Prabhu was just behind at 16.52m for a bronze -- his first medal of note in international competitions.

Jamaica's Jordan Scott won the gold medal in the event with a 16.72m jump. PTI

THE HINDU 2/8/2026

MISSION ACCOMPLISHED

# Jaismine delighted to win gold after the bronze in last edition




PTI

The coaches supported me and told me to take it slow, get fit and not worry about the result. I had come with the aim of changing the colour of my medal (lightweight bronze at the 2022 edition) and winning gold for India — Jaismine Lamboria who clinched gold in women's 57kg boxing at the Commonwealth Games.

THE Tribune 3/8/2026

# Sherell, Vadya win TT gold in U-17 category

TRIBUNE NEWS SERVICE

**CHANDIGARH, AUGUST 2**

Sherell of Delhi Public School, Sector 40, managed to overcome a tough challenge by Vani Sharma of St Joseph's School, Sector 44, to win the girls' U-17 gold medal during the UT 2nd Chandigarh State Ranking Table Tennis Tournament organised by the Chandigarh Table Tennis Association at the Sector 50 sports complex.

Sherell lost first two games 7-11, 6-11, but only to bounce back with 11-9, 15-13, 11-4 wins for the gold medal. In the semifinals, Vani defeated Aanya Garg 11-4, 11-3, 11-4 and Sherell outplayed Teetiksha by logging a comeback 8-11, 11-9, 11-6, 11-7 victory. Earlier, Vani defeated Bhavisha 11-3, 11-6, 11-6, Aanya outplayed Akaalroop 11-4, 13-11, 7-11, 11-3, Sherell defeated Trishi Surana 11-6, 11-7, 11-3 and Teetiksha defeated Garvita Surana 11-9, 11-6, 11-1.



Winners of the Chandigarh State Ranking Table Tennis Tournament on Sunday.

Vadya of St Anne's School, Sector 32, logged a 11-5, 11-8, 11-5 win over Abhinav Kaushik of Government Model Senior Secondary School, Sector 35, to win the boys' U-17 final. In the semis, Vadya blanked Daivik Guleri 11-6, 11-5, 14-12, while Kaushik defeated Aarav Juneja 12-10, 13-11, 8-11, 11-8. Before making it to the final-four, Vadya defeated Aarush 11-5, 11-6, 11-6, Guleri outplayed Ankush 12-10, 7-11, 9-11, 12-10, 11-9, Kaushik defeated Parth Malhotra and Juneja defeated Mehtab Dhanoa 8-11, 11-7, 9-11, 11-7, 12-10.

**Pritish, Vani bag U-19 titles**

Pritish Sood of GGDSD College, Sector 32, won the boys' U-19 title by defeating Vishal Garg of DAV School 7-11, 11-9, 11-7, 8-11, 11-9. ?Garg defeated Neelesh 11-3, 11-7, 8-11, 11-7 and Sood registered a narrow 9-11, 11-8, 11-6, 3-11, 14-12 win over Vadya to set up the title clash. In the quarterfinals, Garg defeated Saksham Ahuja 3-11, 11-8, 11-8, 16-14, Neelesh ousted Aditya Phondni 11-4, 11-9, 11-3, Sood blanked Aarav Juneja 11-4, 11-7, 11-6 and Vadya defeated Bhavya Yadav 11-8, 15-13, 11-5.

Vani Sharma of St Joseph's School, Sector 44, won the girls' U-19 final by defeating Prabhleen of MCM DAV School, Sector 36. The title winner posted a 11-7, 11-5, 11-7 win. In the semis, Vani posted a stunning comeback 7-11, 9-11, 11-7, 11-7, 12-10 win over Sherell, and Prabhleen defeated Teetiksha 11-8, 5-11, 6-11, 11-6, 11-5. In the quarterfinals, Vani defeated Akaalroop 9-11, 11-4, 11-4, 11-5, Sherell defeated Aanya Garg 11-6, 11-6, 11-7, Prabhleen ousted Greshika 11-7, 11-13, 11-5, 11-5 and Teetiksha blanked Garvita 11-6, 13-11, 11-6.

आज समाज 2/8/2026




कॉमनवेल्थ गेम्स | प्रीति पवार 54 किलोग्राम, जैस्मिन लंबोरिया 57 किलोग्राम वर्ग में जीतीं, सोमन राणा और साक्षी चौधरी का भी जलवा

# ग्लास्गो में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा, 4 गोल्ड और जीते

■ जादुमणि सिंह को सिल्वर मेडल मिला

आज समाज नेटवर्क

नई दिल्ली। कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने 9वां गोल्ड मेडल जीत लिया है। जैस्मिन लंबोरिया ने विमेंस बॉक्सिंग की 57 किलोग्राम, प्रीति पवार ने 54 किलोग्राम कैटेगरी, सोमन राणा ने पैरा शॉटपुट की एफ57 कैटेगरी में और साक्षी चौधरी ने बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीता है। वहीं, मेंस 55 किलोग्राम कैटेगरी में जादुमणि सिंह को सिल्वर मेडल मिला।



कड़े मुकाबले में जादुमणि को ऑस्ट्रेलिया के ड्राई डिक्सन के खिलाफ पुरुष 55 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में सर्वसम्मत फैसले में 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। जादुमणि ने पहला राउंड खंडित फैसले में अपने नाम किया था लेकिन डिक्सन ने अगले दोनों राउंड में दमदार वापसी की और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। जैस्मिन ने फाइनल में नॉर्दर्न आयरलैंड की मिकाएला वॉल्स और प्रीति ने कनाडा की सवाना डोलमागो को हराया। एक अन्य भारतीय शुभम जुवाल ने भी सिल्वर मेडल जीता है। इसके साथ ही भारत के 9 गोल्ड सहित कुल 31 मेडल हो गए हैं।

इसके साथ ही भारत मेडल टैली में छठे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं, भारत के 7 और मुक्केबाज गोल्ड मेडल के लिए फाइनल में उतरेंगे। प्रिया घणघस (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), अंकुश पंघाल (80 किग्रा) और नरेंद्र बरवाल (90+ किग्रा) अपने-अपने फाइनल मुकाबले खेलेंगे।

अर्थ प्रकाश 2/8/2026

गर्व

कॉमनवेल्थ गेम्सः भारत ने बॉक्सिंग में पहली बार 5 जीते गोल्ड

# प्रीति, जैस्मिन, साक्षी, प्रिया और अरुंधति बनीं चैंपियन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क







ग्लासगो। कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय मुक्केबाजों ने इतिहास रच दिया। भारत ने पहली बार एक ही गेम्स में 5 बॉक्सिंग गोल्ड जीत लिए। शनिवार को प्रीति पवार, जैस्मिन लांबोरिया, साक्षी चौधरी, प्रिया घंघास और अरुंधति चौधरी चैंपियन बनीं। पैरा एथलेटिक्स में सोमन राणा ने भी गोल्ड जीता। मेडल टैली में भारत 11 गोल्ड, 15 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज सहित कुल 34 मेडल हो गए और टीम चौथे स्थान में पहुंच गई है।

एसईसी हॉल-5 में दिन के पहले मुकाबले में भारत की प्रीति ने इंग्लैंड की स्कार्लेट सवाना डेलगाडो के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की। पहले राउंड में सभी 5 जजों ने प्रीति के पक्ष में 10-10 अंक दिए। इसके बाद दूसरे राउंड में एक बार फिर प्रीति ने सभी जजों से पूरे अंक हासिल किए। दूसरे राउंड तक प्रीति इंग्लैंड की मुक्केबाज के खिलाफ काफी हावी नजर आ रही थीं। एक ओर प्रीत के हर एक पंच में दम दिख रहा था, तो दूसरी तरफ डेलगाडो के पंच सही लैंड नहीं हो रहे थे। तीसरे राउंड में प्रीति ने इंग्लैंड की मुक्केबाज को थकाने की पूरी कोशिश की, क्योंकि शुरुआती दो राउंड में उन्होंने बड़ा फासला हासिल कर लिया था। तीसरे राउंड में एक बार फिर प्रीति ने अपनी पावर दिखाते हुए सभी 5 जजों से 10-10 अंक हासिल करते हुए गोल्ड सुनिश्चित किया। प्रीति पवार ने 'राउंड ऑफ-16' में मलावी की डेबोरा म्टेंजे को रेफरी स्टॉप कॉन्टेस्ट (आरएससी) से जीत हासिल की थी। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में नॉर्दन आयरलैंड की निकोल क्लाइड को 5-0 से हराया। प्रीति ने सेमीफाइनल में जाम्बिया की कैथरीन म्वापे को 5-0 से हराने के बाद फाइनल में भी कनाडाई बॉक्सर के खिलाफ इतने ही अंतर से जीत हासिल की। दूसरी ओर, जैस्मिन लंबोरिया ने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग में नॉर्दन आयरलैंड की माइकेला वाल्श के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की। पहले राउंड 3-2 से जैस्मिन के पक्ष में रहा था, लेकिन अगले राउंड में जैस्मिन पूरी तरह से विपक्षी बॉक्सर पर हावी नजर आई। जैस्मिन ने तीसरा राउंड 4-1 से अपने नाम करते हुए देश को सातवां गोल्ड दिलाया। जैस्मिन लंबोरिया ने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड की एलीस ग्लिन को 4-1 से शिकस्त दी।

दैनिक भास्कर 2/8/2026

**कॉमनवेल्थ गेम्स 2026**

## पहली बार 1 दिन में 8 स्वर्ण... बॉक्सिंग में 7 में से 6 गोल्ड हरियाणवियों ने जीते

# 8 गोल्ड; सबसे स्वर्णिम दिन



**जैस्मिन लंबोरिया** (57 किग्रा)
• हमारी सेना की पहली महिला मुक्केबाज को गोल्ड मेडल।



**प्रीति पंवार** (54 किग्रा)
• कनाडाई खिलाड़ी को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।



**साक्षी चौधरी** (51 किग्रा)
• इंग्लैंड की रूबी को 5-0 से शिकस्त देकर गोल्ड लाईं।



**प्रिया घनघस** (60 किग्रा)
• कनाडा की खिलाड़ी को 3-2 से पछाड़ा, स्वर्ण जीतीं।



**अरुंधति चौधरी** (70 किग्रा)
• इंग्लैंड की खिलाड़ी को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।



**सचिन सिवाच** (60 किग्रा)
• नामीबिया के खिलाड़ी को 3-2 से हराया, गोल्ड मेडल।



**अंकुश पंघाल** (80 किग्रा)
• इंग्लैंड के खिलाड़ी को 4-1 से शिकस्त दी, गोल्ड जीता।

भास्कर न्यूज | ग्लासगो

1 अगस्त 2026...कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में भारत के लिए सबसे कामयाब तारीख बन गई। इस टूर्नामेंट में पहली बार एक दिन में 8 गोल्ड जीते। इससे पहले 2010 में दो बार (5 और 6 अक्टूबर) 6-6 गोल्ड जीतने का रिकॉर्ड था। 8 में से 6 गोल्ड हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते। इनमें भी 5 भिवानी के हैं। यही नहीं, भारत ने शनिवार को 5 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज भी जीते। 8 में से 7 गोल्ड बॉक्सिंग में आए हैं। एक स्वर्ण पदक पैरा एथलेटिक्स में शॉटपुट में मिला। भारत ने ट्रिपल जंप, जूडो व 5 हजार मीटर दौड़ में 1-1 ब्रॉन्ज मेडल जीता। सूची में 38 मेडल के साथ भारत 9वें से चौथे पर आ गया।

### रिकॉर्ड... इस बार 13 में से 8 गोल्ड महिलाएं लाईं

• एक दिन में रिकॉर्ड 16 मेडल। 6 अक्टूबर 2010 को 6 गोल्ड, 6 सिल्वर समेत 15 मेडल जीते थे।
• बॉक्सिंग में 7 गोल्ड मेडल। यह एक ही दिन में एक खेल में सबसे ज्यादा गोल्ड का रिकॉर्ड।
• बॉक्सिंग का गेम्स के 96 साल के इतिहास में बेस्ट प्रदर्शन। पहली बार दोहरी मेडल (10) संख्या।
• इस बार 13 गोल्ड, इसमें से 8 महिला खिलाड़ियों ने दिलाए।

### भास्कर एनालिसिस • जिन 4 खेलों में हमारे 53% मेडल, वे हैं नहीं

• **अब तक कितने कॉमनवेल्थ गेम्स हुए?** ग्लासगो 2026 इन खेलों का 23वां संस्करण है। भारत ने पहली बार 1934 में हिस्सा लिया था और अब तक कुल 20 संस्करणों में भाग लिया है।
• **भारत ने अब तक कुल कितने मेडल जीते?** अब तक 564 मेडल (203 गोल्ड, 190 सिल्वर, 171 ब्रॉन्ज) जीते।
• **इस बार पिछली बार से क्या-क्या अलग?** 2022 के बर्मिंघम कॉमनवेल्थ में कुल 16 गेम्स थे, लेकिन इस बार सिर्फ 10 हैं। इनमें शूटिंग, कुश्ती, बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसे कई पारंपरिक खेलों को शामिल ही नहीं किया गया है।
• **जो खेल इस बार नहीं हैं, उनमें भारत ने अब तक कुल कितने प्रतिशत मेडल जीते हैं?** कुल 564 मेडल में से 300 मेडल हमने चार खेलों में ही जीते हैं। इनमें शूटिंग में 135, कुश्ती में 114, टेबल टेनिस में 26 और बैडमिंटन में 25... इस बार ये चारों ही खेल शामिल नहीं किए गए थे।
• **खेलों की संख्या कम क्यों कर दी गई?** मेजबान ऑस्ट्रेलिया के पीछे हटने के बाद स्कॉटलैंड ने बेहद सीमित बजट और कम समय में इन खेलों की जिम्मेदारी संभाली। जिन खेलों के लिए वहां पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध नहीं था, उन्हें इस बार हटा दिया गया।
• **कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की ओर से सबसे ज्यादा मेडल कौन-सा खिलाड़ी जीत चुका है?** शूटर जसपाल ने 9 गोल्ड समेत 15 मेडल जीते, जो सर्वाधिक।



**जदुमणि** (55 किग्रा)
बॉक्सिंग में फाइनल हारे, सिल्वर से ही संतोष करना पड़ा।



**शुभम जुयाल** पैरा एथलेटिक्स शॉटपुट में सिल्वर। 13.28 मी. सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।



**प्रवीण चित्रावेल**
पुरुष ट्रिपल जंप में 16.41 मी. छलांग लगा सिल्वर जीता।



**लवलीना** (75 किग्रा)
बॉक्सिंग के फाइनल में 4-1 से हार गईं। सिल्वर मेडल मिला।



**नरेंदर** (90 किग्रा)
बॉक्सिंग के फाइनल में 5-0 से हार गए। सिल्वर मेडल मिला।





**सोमन राणा**
पैरा एथलेटिक्स शॉटपुट में गोल्ड जीते। पांच साल राष्ट्रीय स्तर के मिडिलवेट बॉक्सर रहे। गोरखा राइफल्स में सिपाही थे। 2006 में पुंछ सेक्टर में बारूदी सुरंग विस्फोट में अपना दाहिना पैर गंवा दिया।

दैनीक सवेरा 2/8/2026

# प्रीति व जैस्मिन ने जड़े 'गोल्डन पंच'

## दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वी को 5-0 से हराया

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

ग्लासगो, (स्कॉटलैंड), 1 अगस्त : भारतीय महिला मुक्केबाज प्रीति पवार (54 किग्रा) और जैस्मिन लैंबोरिया (57 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रमंडल खेल 2026 में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीते। प्रीति पवार ने 54 किग्रा भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए कनाडा की अपनी प्रतिद्वंद्वी एस एस डेलगाडो हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आज यहां मुकाबले में प्रीति कनाडा की एसएस डेलगाडो के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता। तीसरा और आखिरी राऊंड में प्रीति ने अपनी प्रतिद्वंद्वी से ज़्यादा सटीक पंच मारे हैं। डेलगाडो पूरे मुकाबले में संघर्ष करती दिखी। दिन के दूसरे मुकाबले में जैस्मिन लैंबोरिया ने 57 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में नॉर्दर्न आयरलैंड की माइकेला वॉल्श को 5-0 (सर्वसम्मत निर्णय) से हराकर भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। मुकाबले में जैस्मिन ने सावधानी बरतते हुए अपने पंच सटीक तरीके से वॉल्श मारते हुए अंक अर्जित किए।



अपने प्रतिद्वंद्वी पर पंच जड़ती प्रीति।

### त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल ने रजत और सेल्वा प्रभु ने कांस्य पदक जीता

**ग्लास्गो.** भारत के त्रिकूद खिलाड़ियों प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु तिरुमरन ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण चित्रावेल ने इस बार अपने प्रदर्शन में सुधार करते 16.58 मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता। उनके हमवतन सेल्वा प्रभु तिरुमरन ने 16.52 मीटर की छलांग से कांस्य पदक हासिल किया। ये अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनका पहला बड़ा पदक है। जमैका के जॉर्डन स्कॉट ने 16.72 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले पैरा एथलैटिक्स के पुरुषों की टी54 1500 मीटर फाइनल स्पर्धा में भारत के रमेश शनमुगम 3 मिनट 23.59 सैकेंड का समय लेकर 7वें स्थान पर रहे।

### उन्नति शर्मा ने लामुलेला मगागुला को हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

भारत की उन्नति शर्मा ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में महिलाओं के 63किग्रा राऊंड ऑफ 16 में शानदार प्रदर्शन करते हुए लामुलेला मगागुला को हराकर जूडो स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। मुकाबले में भारती जूडो खिलाड़ी उन्नति शर्मा ने शानदार शुरुआत की और वह वह शुरू से ही प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर हावी रहीं। उन्होंने मुकाबले के पहले 20 सैकेंड में ही उन्नति के लिए वाज़ा-आरी हासिल कर ली। उन्होंने 1:39 मिनट में दूसरा वाजा-आरी हासिल किया और अपनी विरोधी को इतनी देर तक दबाए रखा कि इप्पोन में आसानी से जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### उन्नति ने जीता कांस्य पदक

**भारतीय** जूडो खिलाड़ी उन्नति शर्मा ने राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं के 63 किग्रा से कम भार वर्ग में दक्षिण अफ्रीका की स्काई नोएस्टर को इप्पोन के जरिए हराकर कांस्य पदक जीत लिया। उन्नति ने शानदार तकनीक का प्रदर्शन करते अपने पैर से स्काई का संतुलन बिगाड़ा और फिर उन्हें पीठ के बल पटककर इप्पोन हासिल कर मुकाबला महज 1 मिनट 7 सैकेंड में खत्म कर दिया। जूडो में इप्पोन सबसे बड़ा स्कोर होता है और इसके साथ ही मुकाबला तुरंत समाप्त हो जाता है। इससे पहले उन्नति को सैमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की साया मिडिलटन से हार का सामना करना पड़ा था।


जैस्मिन लैंबोरिया

**लैंबोरिया ने नॉर्दर्न आयरलैंड की माइकेला वॉल्श को सर्वसम्मत फैसले के तहत 5-0 से दी मात**

स
ग्लास
2026 में
बॉक्सिंग
भारतीय
प्रिया घण
ने अपने-
जीते। साक्ष
के फाइनल
को सर्वस
हराया। सा
अपना दब
को किसी
होने नहीं दि
किग्रा वर्ग के
मैरी बाथेल
फैसले में 4-
राऊंड हार ग
राऊंड में उन
स्वर्ण पदक
महिला 70 कि
इंगलैंड की
एकतरफा
फैसले मे
भारतीय
में दमदार
तक भार
स्वर्ण अ
जीत
है।

पै
सो
भारत को
मिली है।
शुभम जुय
है। सोमन
प्रयास से
13.28 मी
नाम किय
रहा जो स्व
स्कोर उन

दैनिक सवेरा 3/8/26



ग्लास्गो . बाएं से मुक्केबाजी स्पर्धा में पदक जीतने वाली खिलाड़ी, बाएं से सिल्वर मैडल विजेता लवलीना बोरगोहेन गोल्ड मैडल विजेता जैस्मीन लंबोरिया, प्रिया घणघस, प्रीति पवार, साक्षी चौधरी और अरुंधति चौधरी।

दिव्य हिमाचल 2/8/26

# कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत मालामाल



कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का 10वां दिन भारतीय एथलीट के लिए शानदार रहा। इस दिन भारतीय खिलाड़ियों ने छह गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिए। भारत को पांच गोल्ड मेडल बॉक्सिंग में और छठा गोल्ड पैरा एथलेटिक्स में शॉटपुट में मिला है। जैस्मिन लांबोरिया ने विमेंस बॉक्सिंग की 57 किलो, प्रीति पवार ने 54 किलो कैटेगरी, साक्षी चौधरी 51 किलो, प्रिया घंघास 60 किलो, अरुंधति चौधरी 70 किलो और सोमन राणा ने पैरा शॉटपुट की एफ 57 कैटेगरी में गोल्ड जीता।

दिव्य हिमाचल 2/8/2026

# भारतीय बेटियों का गोल्डन पंच

## कॉमनवेल्थ गेम्स में बॉक्सिंग में प्रीति पवार-जैस्मिन के बाद साक्षी, प्रिया और अरुंधति ने जीते स्वर्ण पदक



प्रीति पवार (55 किलोग्राम)



जैस्मिन लंबोरिया (57 किलोग्राम)



साक्षी चौधरी (51 किलोग्राम)



प्रिया घंघास (60 किलोग्राम)



अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम)

एजेंसियां— ग्लासगो

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय मुक्केबाजों ने इतिहास रच दिया। भारत ने पहली बार एक ही गेम्स में पांच बॉक्सिंग गोल्ड जीते। शनिवार को प्रीति पवार, जैस्मिन लांबोरिया, साक्षी चौधरी, प्रियां घंघास और अरुंधति चौधरी चैंपियन बनीं। पैरा एथलेटिक्स में सोमन राणा ने भी गोल्ड जीता। अंतिम समाचार लिखे जाने तक मेडल टैली में भारत 11 गोल्ड, 15 सिल्वर और आठ ब्रॉन्ज सहित कुल 34 मेडल हो गए। शनिवार को रिंग में भारतीय बॉक्सरों का दबदबा पूरी तरह कायम रहा। भारत की प्रीति पवार ने कनाडा की स्कार्लेट डेलगाड को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से धूल चटाकर देश को दिन का पहला मुक्केबाजी गोल्ड दिलाया। इसके बाद प्रीति के नक्शे कदम पर चलते हुए जैस्मिन लंबोरिया ने नॉर्दर्न आयरलैंड की मिकेला वॉल्श को सर्वसम्मति (5-0) से हराकर भारत की झोली में दूसरा गोल्ड मेडल डाला। पैरा-एथलेटिक्स के शॉट पुट (एफ57) इवेंट में भारतीय एथलीटों ने इतिहास रचते हुए टॉप की दोनों स्थान पर कब्ज़ा जमाया। सोमन राणा ने अपने दूसरे प्रयास में 13 13.40 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंककर भारत को गोल्ड मेडल दिलाया। वहीं, शुभम जुयाल ने अपने आखिरी प्रयास में 13.28 मीटर का थ्रो फेंककर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में भारत को बड़ी सफलता मिली। प्रवीण चित्रावेल ने 16.58 मीटर की छलांग लगाकर सिल्वर मेडल हासिल किया। इसके बाद महिलाओं के 51 किग्रा भारवर्ग के फाइनल में भारतीय मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने इंग्लैंड की रूबी व्हाइट को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से शिकस्त देकर गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद महिलाओं के ही 60 किलो ग्राम भारवर्ग के कड़े फाइनल मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज प्रिया घांघस ने कनाडा की मैरी-बाथौल अल-अहमदिया को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, महिलाओं के ही 60 किलो ग्राम भारवर्ग के कड़े फाइनल मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने इंग्लैंड की रीड को 5-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता।

दिव्य हिमाचल 3/8/2026

# ग्लासगो में शान से लहराया तिरंगा

## कुल 39 पदकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर रहा भारत, होनहारों ने 13 गोल्ड मेडल कब्जाए




- बॉक्सिंग, जूडो, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने जमाई धाक
- शूटिंग, कुश्ती, बैडमिंटन और हॉकी नहीं थे राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा

एजेंसियां– ग्लासगो

स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 भारत के लिए शानदार रहा। भारतीय एथलीटों ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर मेडल टैली में चौथा स्थान हासिल किया। साल 2026 के इस कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने कुल 39 मेडल अपने नाम किए। इस मेडल टैली में भारत से आगे केवल ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा ही रहे। शूटिंग कुश्ती, बैडमिंटन और हॉकी जैसे खेल इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स का हिस्सा नहीं थे। इसके बावजूद बॉक्सिंग, जूडो, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी धाक जमाई। भारतीय मुक्केबाजों ने पंचों की ऐसी बौछार की है कि विरोधी पस्त हो गए। भारत को बॉक्सिंग से अकेले सात गोल्ड मेडल मिले। महिला मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिंग पर कब्जा जमाया। प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा), साक्षी चौधरी (51 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया घंघास (60 किग्रा) ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। दिग्गज मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने भी कड़ा मुकाबला लड़ा और सिल्वर मेडल देश की झोली में डाला। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच (60 किग्रा) और अंकुश (70 किग्रा) ने दमदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता। वहीं, जादूमणि सिंह (55 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (+90 किग्रा) ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस तरह भारत ने मुक्केबाजी में कुल 10 मेडल हासिल किए।

### वेटलिफ्टिंग से मिले कुल आठ मेडल

वेटलिफ्टिंग में टोक्यो ओलंपिक की मेडल विनर मीराबाई चानू ने महिला 48 किग्रा वर्ग में अपनी श्रेणी का दबदबा कायम रखते हुए भारत को पहला गोल्ड दिलाया। वेटलिफ्टिंग में ही ऋषिकांत सिंह, राजा मुथुपांडी, ज्ञानेश्वरी यादव, वल्लुरी अजया बाबू, हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह ने सिल्वर मेडल, जबकि बिंदियारानी देवी ने ब्रॉन्ज जीता। वेटलिफ्टिंग टीम ने देश को कुल आठ मेडल दिलाए।